प्रारुप—11

प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या प्रस्ताव के साथ संलग्न की जानी है।

**परियोजना का नाम:—** जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत संसमण—कौड़ियाला मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग (एन0एच0—58) से जोड़ने हेतु मार्ग का नव निर्माण कार्य।

## वनभूमि की माँग का औचित्य एवं विवरण

जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में राज्य योजना के अन्तर्गत पूर्व से निर्मित संसमण—कौड़ियाला मोटर मार्ग (ल0 6.00 किमी0) के अन्तिम बिन्दु से आगे राष्ट्रीय राजमार्ग तक मोटर मार्ग निर्मित न होने के कारण इस क्षेत्र मे रहने वाले ग्रामीणो को मुख्य मार्ग तक आने के लिये यातायात की सुविधा उपलब्ध नही है। वर्तमान में संसमण—कौड़ियाला मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग (एन0एच0—58) से जोड़ने हेतु मार्ग का नव निर्माण हेतु शासनादेश संख्या 90/111(2)/19—11 (एम.एल.ए.)/2017टी0सी0 दिनांक 09 जनवरी 2019 द्वारा 5.00 कि0मी0 लम्बाई के लिए प्रथम चरण हेतु रु0 43.08 लाख मात्र की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है।

प्रस्तावित मार्ग संसमण कौड़ियाला मोटर मार्ग के किमी0—6 के अन्तिम बिन्दु से प्रारम्भ होता है तथा 4.750 किमी0 लम्बाई मे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या—58/07 के किमी0 266 से जुड़ जाता है। प्रस्तावित मार्ग के संरेखण पर भू—वैज्ञानिक की राय प्राप्त कर ली गयी है तथा मार्ग का संरेखण अधीक्षण अभियन्ता 8वाँ वृत्त लोक निर्माण विभाग नई टिहरी के पत्रांक 6998/644सी—8/2019 दिनांक 16.11.2019 के द्वारा अनुमोदित है।

इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1750.00 मीटर लम्बाई मे आरक्षित वन भूमि जिसका क्षेत्रफल 1.225 हे0 तथा 3000.00 मीटर लम्बाई मे नाप भूमि जिसका क्षेत्रफल 2.415 हे0 है, की आवश्यकता है। वनभूमि के अतिरिक्त पूर्व निर्मित मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग तक जोड़ा जाना सम्भव नही है। प्रस्तावित मार्ग मे न्यूनतम वनभूमि प्रभावित हो रही है तथा इससे कम वनभूमि प्रभावित किये बिना मार्ग निर्माण हेतु कोई विकल्प उपलब्ध नही है।

इस मार्ग के नव निर्माण से क्षेत्र के समुचित विकास के साथ—साथ स्थानीय जनता लाभान्वित होगी। प्रस्तावित मार्ग के निर्माण से ग्राम संसमण व इस क्षेत्र के आस—पास की समस्त जनता को मुख्य मार्ग तक आने के लिये यातायात की सुविधा का लाभ प्राप्त होगा तथा ग्रामसभा कौड़ियाला की जनता को संसमण व इस क्षेत्र के अन्य गाँवों तक आने—जाने के लिये यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। मार्ग निर्माण हेतु उक्त प्रस्तावित वन भूमि लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड को हस्तान्तरित की जानी आवश्यक एवं न्यूनतम है।मार्ग से लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूची निम्न प्रकार है—

| क0सं0 | ग्राम | कोड | आवादी |
|---|---|---|---|
| 1 | संसमण | 0044532 | 607 |
| 2 | कौड़ियाला | 0044531 | 189 |
| | | योग :— | **796** |

उप वन संरक्षक
नरेन्द्रनगर वन प्रभा...
भूमि की रेली (टि0 ग...

अपर सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर।